# श्रद्धालुओं ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

## छठ पूजा महापर्व पर संतान की सुरक्षा, परिवार के कल्याण की कामना की



**मंडीदीप, 27 अक्टूबर. लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा सोमवार को मंडीदीप शहर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. संयुक्त भोजपुरी समाज द्वारा मुख्य आयोजन कालियासोत घाट और सतलापुर में किया गया, जहां व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर संतान की सुरक्षा और परिवार के कल्याण की कामना की. शहर के अन्य हिस्सों जैसे भव्य सिटी, शीतल टाउन, राहुल नगर, पटेल नगर और सवालिया विहार कॉलोनी में भी छठ पूजा का आयोजन धूमधाम से किया गया. इन आयोजनों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित शामिल हुए और इस पर्व की रौनक को चार चांद लगाए.**

छठ पूजा के इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने पारंपरिक भक्ति और उत्साह के साथ सूर्य देव की आराधना की, जिससे शहर का माहौल भक्तिमय हो गया. इस मौके पर मुख्य रूप से भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ने सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी एवं भोजपुरी समाज में बीजेपी जिला मंत्री सुशील शर्मा, वीरेंद्र गिरी, लल्लन गिरी, अवधेश गिरी, जयराम गिरी, जयमंगल गिरी, जयनारायण गिरी, राधेश्याम गिरी ,पार्षद गोल्डी यादव, पार्षद प्रतिनिधि उपेन्द्र गिरी, आत्मा गिरी, मनोज गिरी एवं भोजपुरी समाज के हजारों कार्यकर्ता इस महापर्व पर उपस्थित रहे.



## कानून तोड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- आरोपी को किया राउंडअप
- ट्रैक्टर भी हुआ बरामद

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में आपराधिक कृत्य करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुना में हुई घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रदेश में कानून का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध सरकार द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि गुना में 26 अक्टूबर की दोपहर हुई घटना के आरोपी महेंद्र सिंह सहित 14 व्यक्तियों के विरूद्ध थाना फतेहगढ़ में अपराध पंजीबद्ध किया है. प्रकरण के नामजद आरोपी हुकुम सिंह नागर को राउंडअप कर लिया गया है. घटना में उपयोग में लाए गए ट्रैक्टर को भी बरामद कर लिया गया है.




# 10,001 दीपों से जगमगाया सहस्त्रबाहु ब्रिज

## भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव

**भोपाल, 27 अक्टूबर. भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर सोमवार शाम कलचुरी समाज ने भव्य सहस्त्रदीपोत्सव का आयोजन किया. यह आयोजन कलचुरी सेना मध्यप्रदेश एवं अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी महासभा के संयुक्त तत्वावधान में कोलार रोड स्थित सहस्त्रबाहु ब्रिज पर संपन्न हुआ. कार्यक्रम में हजारों समाजबंधुओं ने भाग लिया और 10,001 दीपों से पूरे पुल को आलोकित कर दिया.**

कलचुरी सेना मध्यप्रदेश के अध्यक्ष कौशल राय एवं संगठन प्रभारी वीरसिंह राय ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री सहस्त्रबाहु (सहस्त्रार्जुन) जी की पूजा-अर्चना, आरती और जयघोष से हुआ. इसके बाद समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विशिष्ट समाजसेवियों का सम्मान किया गया. सम्मानित अतिथियों में भाजपा की प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, भोपाल महापौर मालती राय, एलएनसीटी विश्वविद्यालय की वाइस चेयरपर्सन पूनम जय नारायण चौकसे, वरिष्ठ समाजसेवी एल.एन. मालवीय तथा कलचुरी सेना के युवा संगठन मंत्री वीरसिंह राय शामिल रहे. सभी को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया. आयोजन समिति ने समाज के प्रत्येक परिवार से 21 दीपक, तेल और बाती लेकर आने का आग्रह किया था. मीडिया प्रभारी राजेश राय ने बताया कि समाजबंधुओं ने इस अपील को स्वीकार किया और घरों से दीपक लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे.

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने खटलापुरा में की छठ पूजा

- छठ पर्व हमारी संस्कृति की एकता और विश्व बंधुत्व का संदेश देता है



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 27 अक्टूबर. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को भोपाल के खटलापुरा में छठ पूजा कर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठ का पर्व हमारी संस्कृति की एकता और विश्व बंधुत्व का संदेश देता है. छठ पूजा धार्मिक अनुष्ठान के साथ प्रकृति, सूर्य और जल के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है.**

उन्होंने कहा कि आज हम सब यहां उस महान परंपरा का उत्सव मनाने के लिए आए हैं, जो हमारी आस्था, श्रद्धा और संस्कारों की पहचान है. छठ का पर्व हमें सिखाता है कि जब हम निष्ठा और अनुशासन से जीवन जीते हैं, तो ईश्वर स्वयं हमारी सहायता के लिए आते हैं. छठ व्रत करने वाली माताओं और बहनों की तपस्या, उनके संयम और भक्ति को हम सब नमन करते हैं. छठ पूजा सिर्फ बिहार या पूर्वांचल का पर्व नहीं रहा, आज यह पर्व पूरे भारत और दुनिया के हर कोने में मनाया जा रहा है. खण्डेलवाल ने कहा कि छठ पर्व हम सभी को अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोने का संदेश देता है. हमें अपनी परंपराओं को संजोने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने का कार्य करना है. यह पर्व समाज में प्रेम, भाईचारे और समानता का संदेश देता है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार और संगठन सभी पर्व और त्योहार को उत्सव की तरह मनाता है. उन्होंने कहा कि छठ मैया का आशीर्वाद हम सब पर बना रहे, यही कामना करता हूं.



## छठ पर्व पर की भगवान सूर्य की उपासना

**बैरसिया.** सोमवार को छठ महापर्व बैरसिया के बाह नदी पर धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर व्रती महिलाओं ने पूरी आस्था और परंपरा के साथ भगवान सूर्य को संध्या अर्घ्य अर्पित किया. यह पर्व भगवान सूर्य एव छठी मैया की उपासना के लिए समर्पित होता है. इधर छठ पूजा पर नगर पालिका द्वारा नदी घाट पर स्वच्छता और सुरक्षा की विशेष तैयारियां की गई. घाटों पर साफ सफाई की गई ताकि व्रती महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो. जहा संध्या के समय घाट पूरी तरह से दीपों से जगमगा उठे. छठ के इस महापर्व पर महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया. बता दें की छठ का व्रत बेहद कठिन माना जाता है, इस व्रत में महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं. एक बार संकल्प लेने के बाद वे किसी भी परिस्थिति में इसे नहीं तोड़तीं. यह व्रत महिलाओं द्वारा पूर्ण समर्पण और अटूट आस्था के साथ रखा जाता है. घाटों पर नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र सक्सेना , स्वछता निरीक्षक संजीव कुमार गुप्ता, पार्षद नीरज नामदेव, संजय कुशवाह आदि मौजूद रहे.

## भेल में सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया

**भोपाल/ नई दिल्ली, 27 अक्टूबर.** बीएचईएल के निदेशक (पावर) तजिंदर गुप्ता ने सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2025 के उद्घाटन दिवस पर कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में कार्यकारी निदेशकों और मुख्य सतर्कता अधिकारी की उपस्थिति में कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई. इस अवसर पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय सतर्कता आयोग के संदेश भी पढ़े गए.




## महेन्द्र नागर का पार्टी से निष्कासन

**गुना.** ग्राम गणेशपुरा के बूथ अध्यक्ष महेन्द्र नागर का पार्टी ने निष्कासन किया गया है. इस संबंध में जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार ने पत्र जारी किया है. पत्र में लिखा गया है कि आपके द्वारा पारिवारिक विवाद में किए गए आपराधिक कृत्य की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए यह कार्रवाई की गई है.

# मप्र में पॉलीप्रोपाइलीन फिल्म निर्माण यूनिट स्थापित होगी

## 496 करोड़ रुपये का होगा निवेश

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 27 अक्टूबर. भारत सरकार की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम ईसीएमएस के तहत मध्य प्रदेश में 496 करोड़ रुपये के निवेश वाली पॉलीप्रोपाइलीन फिल्म निर्माण परियोजना स्थापित होगी. पॉलीप्रोपाइलीन फिल्म कैपेसिटर निर्माण में प्रयुक्त होने वाली प्रमुख सामग्री है. इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोटिव, आईसीटी, औद्योगिक एवं विनिर्माण, दूरसंचार एवं कंप्यूटिंग उपकरणों के लिए इसका निर्माण अब भारत में होने लगेगा.**

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 7 परियोजनाओं की पहली श्रृंखला को मंजूरी दे दी है. इसके बाद मल्टी-लेयर प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी), एचडीआई पीसीबी, कैमरा मॉड्यूल, कॉपर क्लैड लैमिनेट और पॉलीप्रोपाइलीन फिल्म भारत में भी बनाई जाएंगी. यह कदम भारत में तैयार उत्पादों के निर्माण से लेकर मॉड्यूल, कंपोनेंट, सामग्री और उनके निर्माण में प्रयुक्त मशीनरी के निर्माण तक की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

**क्या है ईसीएमएस:** इस योजना को घरेलू और वैश्विक दोनों कंपनियों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया मिली है. इसका लाभ लेने 249 आवेदन प्राप्त हुए. इनमें रुपये 1.15 लाख करोड़ का निवेश, रुपये 10.34 लाख करोड़ का उत्पादन और 1.42 लाख नौकरियों का सृजन शामिल है. यह भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा निवेश है. सोमवार को रुपये 5,532 करोड़ की सात परियोजनाओं को मंजूरी दी गई. इन परियोजनाओं से रुपये 36,559 करोड़ मूल्य के कलपुर्जों का उत्पादन होगा और 5,100 से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन होगा. स्वीकृत इकाइयों में तमिलनाडु को 5, आंध्र प्रदेश और मध्यप्रदेश को एक एक इकाई मिली.

यह संतुलित क्षेत्रीय विकास और महानगरों से परे उच्च तकनीक निर्माण के विस्तार को दर्शाता है. इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा निर्माण योजना 8 अप्रैल 2025 को ?22,919 करोड़ के कुल व्यय के साथ अधिसूचित की गई थी जो लगभग 2.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर है. इसकी अवधि छह वर्ष है. इस योजना का उद्देश्य देश में इलेक्ट्रॉनिक्स घटक निर्माण के लिए एक मजबूत और आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है. घरेलू तथा वैश्विक निवेश को आकर्षित करना.

## चाकूबाज को छह माह की सजा

**जबलपुर.** न्यायिक मजिस्टेट प्रथम श्रेणी ऋचा बठेजा की अदालत ने चाकू से हमला करने वाले सुशील केवट को छह माह की सजा व दो हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है. अदालत को एडीपीओ अंजीता सिंह ने बताया कि 13 मार्च 2025 को फरियादी मंकी चौधरी, पवन उर्फ लल्लू चौधरी से बातें कर रहा था. तभी सुशील केवट ने चाकू से हमला कर जांघ में गंभीर चोट पहुंचा दी थी. गोहलपुर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था.

# चलती ट्रेन में यात्री पर जानलेवा हमला

**जबलपुर, 27 अक्टूबर. धनबाद से उधना जा रही एक्सप्रेस ट्रेन में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब चलती ट्रेन के एस 4 कोच में एक यात्री पर चाकू से हमला कर दिया गया. हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई.**

सूचना मिलते ही जबलपुर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ ने मौके पर पहुंचकर घायल को तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है.



जानकारी के मुताबिक घायल युवक 31 वर्षीय शैलेन्द्र हालिया, निवासी नर्मदापुरम जिले का रहने वाला है. वह सतना से पेशी कर लौट रहा था और ट्रेन के एस/4 कोच में यात्रा कर रहा था. ट्रेन जबलपुर स्टेशन से कुछ किलोमीटर पहले थी, तभी किसी अज्ञात युवक से उसका विवाद हुआ, जिसके बाद हमलावर ने जेब से चाकू निकालकर उस पर लगातार वार कर दिए.

हमले के बाद कोच में सवार अन्य यात्री दहशत में आ गए. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घायल युवक खून से लथपथ सीट पर गिर पड़ा और दर्द से कराहने लगा. इस बीच आरोपी मौका पाकर चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया.

# मंदिर से 15 लाख के गहने चोरी

- ग्राम तुलसीपार के दुर्गा मंदिर में हुई वारदात

**बेगमगंज, 27 अक्टूबर. ग्राम तुलसीपार के सुप्रसिद्ध श्री देवी माँ के मंदिर से बीती रात अज्ञात चोर मातारानी के करीब 15 लाख के सोने -चांदी के गहने ले गए. इस वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्जकर चोरों की तलाश में जुट गई है.**

चोरी की बड़ी वारदात को लेकर शाम करीब 5 बजे मौके पर पहुंचकर जिला मुख्यालय से आई फॉरेंसिक टीम , एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव एवं थाना प्रभारी राजीव उइके पहुंचे और मौका मुआयना किया. श्रीदुर्गा मंदिर में अज्ञात चोरों ने रात के आखिरी पहर मंदिर का ताला तोड़कर मातारानी की प्रतिमा को पहनाए हुए सोने- चांदी के जेवर एवं ऊपर का चांदी का छत्र इत्यादि चोरी कर ले गए. सुबह जब मंदिर के पुजारी जगदीश प्रसाद तिवारी मंदिर पहुंचे तो देखा कि श्रीदुर्गा जी की प्रतिमा से जेवर जिसमें की सोने का एक गले में पहना हुआ हार, एक मंगल सूत्र, एक कमर की करधौनी तथा चांदी के तीन नग छत्र व पैरों में पहनी हुई एक जोड़ी चांदी की पायलें कोई अज्ञात चोर चुरा ले गया है.



वारदात की खबर फैलते ही ग्रामीण एकत्रित हो गए और थाना बेगमगंज पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुजारी जगदीश प्रसाद तिवारी ने बताया कि वह ग्राम तुलसीपार के राजमंदिर पर रहते हैं तथा ग्राम तुलसीपार के तीनों मंदिरों की पूजा पाठ व पुजारी का काम पिछले 15-20 साल से कर रहे हैं.

# विधायकों के वेतन, भत्ते बढ़ाने पर विचार करेगी समिति

- उप मुख्यमंत्री देवड़ा की अध्यक्षता में समिति गठित



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 27 अक्टूबर. राज्य शासन द्वारा विधायकों/पूर्व विधायकों के वेतन, भत्ते, पेंशन आदि के संबंध में विचार करने के लिये समिति का गठन किया गया है.**

उप मुख्यमंत्री, वित्त, वाणिज्यिक कर तथा योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी जगदीश देवड़ा अध्यक्ष तथा विधायक पाटन जिला जबलपुर अजय विश्नोई, विधायक कसरावद जिला खरगौन सचिन सुभाषचंद्र यादव को सदस्य मनोनीत किया गया है. अपर मुख्य सचिव संसदीय कार्य विभाग समिति के सदस्य सचिव होंगे. समिति आवश्यकतानुसार अन्य विभागों एवं विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों को बैठक में आमंत्रित कर सकेगी. यहां बता दें कि विधानसभा के पिछले सत्र के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समिति गठित करने की घोषणा सदन में की थी.

# खंडेलवाल से मिले नए पदाधिकारी

## राहुल कोठारी, संगीता सोनी व अन्य पदाधिकारियों ने की मुलाकात

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 27 अक्टूबर. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल से सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मंत्री संगीता सोनी एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर मुलाकात की.**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी एवं प्रदेश मंत्री संगीता सोनी ने जनसंघ के संस्थापक सदस्य व एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल से सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर सिंह रावत, प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने भी सौजन्य भेंटकर नवीन दायित्व के लिए आभार व्यक्त किया. नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों ने प्रदेश संगठन में दिए गए दायित्व को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पार्टी नेतृत्व का आभार जताया. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर पं. दीनदयाल जी और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलकर पार्टी को आगे बढ़ाना है.

राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ सभी कार्यकर्ता भाजपा की विचारधारा को और आगे ले जाएं और भाजपा सरकारों द्वारा किए जा रहे कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं.

### षड्यंत्रकारियों से बचें

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि पार्टी की मैं भी बैतूल जिले से जनजातीय समाज के बीच से आता हूं. मेरा पूरा जीवन जनजातीय समाज के बीच बीता है. मैं और मेरा परिवार जनजातीय समाज की सेवा में हमेशा से जुड़ा रहा है. प्रदेश मंत्री संगीता सोनी भी जनजातीय बहुत झाबुआ जिले से आती हैं. उनका पूरा जीवन भी जनजातीय समाज की सेवा में लगा हुआ है. जनजातीय समाज को हिंदू से अलग बताने वाले षड्यंत्रकारियों से सभी को सावधान रहना है. षड्यंत्रकारियों को उनके मंसूबे में कारगर नहीं होने देना है. हमारा और जनजातीय समाज का की पूजा पद्धति एक है.

धांधली | वीडियो वायरल, कलेक्टर ने बैठक में लिया संज्ञान

# बैरसिया में गोदाम से हो रही खाद की कालाबाजारी

**बैरसिया, 27 अक्टूबर. बैरसिया में किसान यूरिया एवं डीएपी के लिए कृषि बीज उत्पादक एवं विपणन सहकारी संस्था मर्यादित समिति बैरसिया की गल्ला मंडी स्थित खाद गोदाम में कतार लगाए खड़े हैं और समिति संचालक खाद की कालाबाजारी कर बड़े किसानों को महंगे दामों में बेच रहे हैं. ऐसे में छोटे लघु किसान परेशान हो रहे हैं.**

सोमवार को इसी खाद गोदाम संचालक द्वारा यूरिया खाद उपलब्ध होते हुए किसानों को नहीं दिया जा रहा था. तभी जागरूक किसानों ने खाद गोदाम पर लगी भीड़ एवं यूरिया खाद ले जाते बड़े किसानों का एक वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. यह वीडियो टीएल की बैठक ले रहे कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के संज्ञान में आते ही उन्होंने कृषि एव विपरण संघ के अधिकारियों को लताड़ लगाई और कलेक्ट्रेट के एक बड़े अधिकारी को जांच के लिए नियुक्त कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं.



### इनका कहना है

खाद विक्रेताओं द्वारा यूरिया एवं डीएपी खाद की काला बाजारी कर महंगे दामों में बेचने की शिकायत कलेक्टर एवं एसडीएम के संज्ञान में ला चुके हैं. जहां छोटे किसानों को खाद नहीं मिल रहा है. वे परेशान हैं.

**विनय सिंह,** किसान संघ जिला मीडिया प्रभारी

मामला टीएल की बैठक में आया है. हमने खाद की उपलब्धता एवं न्याय संगत खाद वितरण हेतु टोकन अधिकारियों की निगरानी में बांटना तय किया है. ताकि किसानों को आसानी से खाद मिल सके.

**आशुतोष शर्मा,** एसडीएम बैरसिया

वर्षो से कृषि बीज उत्पादन विपरण सहकारी संथा मंडी में खाद विक्रेता बनी हुई है. जिन्हें बदलकर दूसरी संथा को गोदाम दे देना चाहिए. तभी किसानों को सही मूल्य पर खाद मिल सकता है.

**राजकुमारी केवट,** महासचिव प्रदेश महिला कांग्रेस


**कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल**
**जोन क्र. 10/42, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्र. 42**

क्र. .../जोन-10/42 — भोपाल, दिनांक 27/10/2025

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, भोपाल द्वारा शब्बन चौराहा स्थित दुकान के संबंध में जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | भूखंड क्र. | आकार/साइज | मूल आवंटी का नाम/पिता का नाम | जिसके नाम पर नामांतरण होना है. नाम/पिता का नाम | नामांतरण हेतु प्रस्तुत अभिलेख |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुकान क्र. 01 स्थित बाजार जहांगीराबाद | 10*10 | मो. रईस/ मो. रशीद | मोहम्मद नवेद खां/ मो. जुबेर/ मोहम्मद उवैस | मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर |

उपरोक्त विषय के संबंध में सूचित किया जाता है कि नगर निगम भोपाल की दुकान क्र. 01 स्थित शब्बन चौराहा वार्ड क्र. 42 भोपाल का नामांतरण प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर किया जाना है. यदि इसमें किसी भी व्यक्ति को/ बैंक को कोई आपत्ति हो तो जोन कार्यालय क्र. 10 वार्ड क्र. 42 में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें. नियत समयावधि में यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है. नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी.

जोनल अधिकारी
जोन क्र. 10, नगर निगम, भोपाल

नि.क्र. 2597/025-026